तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 26 मई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 नवतपा के पहले दिन चली धूल भरी आंधी






## खबर संक्षेप

### बरदर एवं मुरकौल में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**बलरामपुर।** जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 26 मई को विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत बरदर तथा विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम पंचायत मुरकौल में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। बरदर शिविर में ग्राम पंचायत संतोषीनगर, चित्तविश्रामपुर, जतरो, सुर्रा, बरदर, ओबरी, पिंड्रा, रामनगरकला, जवाहरनगर एवं मुरकौल शिविर में ग्राम पंचायत जमई, फुलीडूमर, गोबरा, कुन्द, बसंतपुर, लमोरी, मुरकौल, प्रेमनगर, कोल्हुआ, ककनेशा, पशुपतिपुर, मेंढ़ारी, स्याही, करमडीहा ब, सुलसुली, बेलसर, चांदी, महुली, गोवर्धनपुर, गोन्दला, बैकुण्ठपुर, विरेन्द्रनगर, शारदापुर सु, रूपपुर, मिथिलापुर, रजखेता के ग्रामीण अपनी समस्याएं एवं मांग संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

### कार की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** टाटी आखर पुलिया के समीप कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम मंगलहरा निवासी मुकेश कुमार सोनी आ. जुगल सोनी (35 वर्ष) 23 मई को वाड्रफनगर जाने के लिए बाइक से निकला था। बाइक सवार जैसे ही टाटी आखर पुलिया के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा आ रहे कार क्रमांक सीजी 07 सीएल 0850 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को डिंडो अस्पताल मे भर्ती कराया जहां से वाड्रफनगर अस्पताल भेज दिया गया। इधर घटन की जानकारी लगने पर परिजन घायल को रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### प्रसव के बाद घर गई प्रसूता की अचानक तबियत बिगड़ने से हुई मौत

**अम्बिकापुर।** प्रसव के बाद अस्पताल से घर गई प्रसूता की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जानकारी के अनुसार रोहतास डिहरी निवासी गांगी सिंह पति अमर कुमार (24 वर्ष) पति के साथ मायापुर में रहती थी और 9 माह की गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसके 18 मई को एमसीएच में दाखिल कराया जहां नार्मल प्रसव से स्वस्थ शिशु को जन्म दी। चिकित्सकों ने जच्चा-बच्चा के स्वस्थ होने पर 22 मई को छुट्टी दे दी। परिजन शिशु व माता को घर लेकर चले गए। 24 मई की सुबह अचानक गांगी सिंह की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप

# बुखार की शिकायत पर भर्ती महिला की इंजेक्शन लगने से मौत, परिजन ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

सिविल अस्पताल में सोमवार को एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। इंजेक्शन लगने के बाद महिला की तबियत बिगड़ने लगी। शरीर में तेज खुजली और बेचैनी की शिकायत के बाद महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद परिजन ने जमकर हंगामा मचाया और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। फिलहाल महिला की लाश को पीएम के लिए भेजा गया है। इधर घटना को संज्ञान में लेते हुए सीएमएचओ ने जनरल सर्जन के नेतृत्व में जांच दल का गठन किया गया है।

**खास बात**
- इंजेक्शन लगने के दस मिनट में तोड़ा दम

बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम सोनहत निवासी राजकलिया पति राम अवतार को बुखार की शिकायत पर परिजन द्वारा उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान आरोप है कि इंजेक्शन लगने के साथ ही महिला की तबियत बिगने लगी और खुजली व बेचैनी की शिकायत के बाद दस मिनट के अन्दर महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। घटना के बाद इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर परिजन ने जमकर हंगामा मचाया। परिजन का आरोप है कि महिला की हालत पहले सामान्य थी और उसे सिर्फ बुखार की शिकायत थी लेकिन इंजेक्शन लगने के बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। परिजन का कहना है कि समय रहते अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला का उचित उपचार नहीं किया। अगर समय रहते सही उपचार किया गया होता तो शायद महिला की जान बचाई जा सकती थी।



परिजन को समझाइश देते पुलिस अधिकारी।

**बुखार के लिए लगा था इंजेक्शन**

अब तक की जांच में जो बात सामने आई है उसके अनुसार महिला को बुखार के लिए पैरासिटामाल का इंजेक्शन लगाया गया था। इस इंजेक्शन से मौत होना संभव नहीं है। इंजेक्शन से एलर्जी के कारण उसकी तबियत बिगड़ने की संभावना जताई जा रही है। इधर महिला की मौत के बाद परिजन ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। वहीं अस्पताल में उपचार सुविधाओं को लेकर सवाल खड़े हो गये। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा समझाइश देकर मामला शांत कराया। इसके साथ ही लाश को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस द्वारा जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

**संदिग्ध मृत्यु के मामले में जांच टीम गठित**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा विकासखंड वाड्रफनगर अंतर्गत 100 बिस्तरीय अस्पताल वाड्रफनगर में महिला की संदिग्ध मृत्यु को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम गठित की गई है। जारी आदेश के अनुसार जिला अस्पताल के जनरल सर्जन डॉ. रमेश कुमार को जांच दल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही एमडी पीडियाट्रिशियन डॉ. इन्दु अवस्थी को सदस्य बनाया गया है। जांच कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु सहायक ग्रेड-3 मुकेश मुखर्जी डाटा एंट्री ऑपरेटर शंकर साहा की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जांच दल को वस्तुस्थिति का परीक्षण कर नियमानुसार प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

**कराई जाएगी जांच**

महिला को फीवर की शिकायत पर एडमिट किया गया था। उपचार के दौरान पैरासिटामाल का इंजेक्शन लगाने की बात अब तक सामने आई है। मौत जांच का विषय है। जांच के लिए टीम का गठन किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

-डॉ. विजय सिंह
सीएमएचओ बलरामपुर

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर





अंबिकापुर-बिलासपुर एनएच 130 इन दिनों दुर्घटनाओं को लेकर खासा सुर्खियों में है। एनएच पर दुर्घटनाटों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। इधर बाइक चालक जो बिना हेलमेट और लापरवाही पूर्वक चलाते हैं जिससे सड़क दुर्घटनाओं में लोग काल के गाल में समा रहे हैं। बीती रात भी 9.30 बजे नेशनल हाईवे 130 स्थित ग्राम जजगा के रमपुरहीन माता मंदिर के करीब कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई।

- हाईवे पर नहीं थम रहा मौतों का सिलसिला

जानकारी के अनुसार ग्राम महुआ टिकरा दरिमा निवासी रामकुमार सिंह आ. स्व. सरनाम सिंह (65 वर्ष) भतीजा जयसिंह के साथ अपने रिश्तेदार के यहां प्रीतिभोज में शामिल होने आए थे। प्रीतिभोज में शामिल होने के पश्चात चाचा-भतीजा बाइक सीजी 15 सीक्यू 8979 से वापस घर जाने के लिए निकले और जैसे ही एनएच 130 पर पहुंचे तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक सीजी 11 बीटी 7498 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक और कार दोनों छतिग्रस्त हो गए वहीं बाइक सवार दोनों लोग मौके पर ही अचेत हो गए। घटना को देख स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत चाचा-भतीजा को मृत घोषित कर दिया। लोगों का कहना है कि टक्कर काफ़ी जबरदस्त थी जिसकी आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। परिजन ने कार चालक के खिलाफ लखनपुर थाने में मामला दर्ज करवाई है। पुलिस शव का पंचनामा पश्चात शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजन केसुपुर्द किया है। एक साथ दो लोगों की मौत हो जाने से गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

**बाइक सवार नहीं कर रहे हेलमेट का उपयोग**

बाइक सवारों द्वारा हेलमेट का उपयोग न करना एक गंभीर समस्या बन गया है। हेलमेट न पहनने से सड़क दुर्घटनाओं में सिर में गंभीर चोटें लगने से जान का खतरा बढ़ जाता है। नेशनल हाईवे 130 पर अधिकांश बाइक सवार बिना हेलमेट के बाइक चलाते नजर आते हैं। यातायात पुलिस और प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ बाइक में सफर करने के वालों को हेलमेट का उपयोग करने को लेकर कई जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बावजूद इसके बाइक सवार पर इसका कोई असर नहीं पड़ा रहा है।



# पड़ोसी युवकों ने की थी चोरी

**अंबिकापुर।** सूने मकान में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी की घटना को पड़ोस में रहने वाले युवकों ने ही अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का सामान बरामद किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बौरी तालाब काली मंदिर रोड निवासी फुलेश्वरी कुजूर पति स्व. महेश्वर कुजूर 20 मई को में ताला लगाकर अपने पुत्र के साथ झारखण्ड के जमशेदपुर गई हुई थी और 23 मई को वापस घर लौटी। वापस आने पर घर का सामान बिखरा पड़ा था। प्रथम तल का बालकनी के पास का दरवाजा का कुण्डी टूटा हुआ था। अपने घर का सामान चेक करने पर अलमारी में रखा 1 सोने का मंगलसूत्र, नाक का नग, 2 सेट चांदी का पायल, 1 नग चांदी का सिक्का, 8 हजार रूपए नगद व पैशन प्रो मोटर बाइक क्रमांक सीजी 15 डीपी 2058 नहीं था। घटना की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए) के तहत अपराध दर्ज किया था और आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान 24 मई को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि महिला के पड़ोस में रहने वाले युवक संजय पटेल तथा अभिषेक चेरवा 2-3 दिन से अपने पास खूब सारा पैसा रखे हैं व दारू मुर्गा-बकरा खा पी रहे हैं। इसके साथ ही आपस में सोना चांदी को बेचने के लिए ग्राहक खोजने की बात कर रहे हैं। संदेह के आधार पर पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों बोरीबांध काली मंदिर रोड निवासी 24 वर्षीय अभिषेक चेरवा व 35 वर्षीय संजय पटेल के पास से सोने का मंगलसुत्र 1 नग, सोने का लॉकेट 2 नग, सोने का टप्स 2 नग, चांदी का पायल 2 जोड़ी, नगदी रकम 70 रूपए बरामद किया गया। इसके साथ ही पुलिस लाइन के चोरी की गई बाइक को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार आकर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा, सउनि देवनारायण यादव, आरक्षक दीपक दास, नितिन सिन्हा, विवेक राय, अमित विश्वकर्मा सक्रिय रहे।

- बाइक, सोने चांदी के जेवर बरामद

# पीटीएस मैनपाट के दीक्षांत समारोह में 83 नव आरक्षकों ने ली कर्तव्य निष्ठा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मैनपाट में नव आरक्षकों का दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आईजी सरगुजा दीपक कुमार झा की उपस्थिति में 83 नव आरक्षकों ने कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। इसके साथ ही प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षकों को सम्मानित किया गया।

बता दें कि मैनपाट स्थित पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में सोमवार को 12वां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। इस दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आईजी दीपक कुमार झा शामिल हुए। समारोह में राज्य के विभिन्न जिलों से आए कुल 83 नवआरक्षकों द्वारा परेड ग्राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मुख्य अतिथि को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक पीटीएस सचिंद्र चौबे द्वारा आईजी श्री झा का आभार व्यक्त करते हुए दीक्षांत परेड समारोह में शामिल सभी नौजवानों के प्रतिभाओं के बारे में सामान्य जानकारी से अवगत कराते हुए नौजवानों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए आईजी श्री झा ने कहा कि आरक्षक पुलिस विभाग का अनिवार्य एवं महत्वपूर्ण अंग है, जो सीधे तौर पर आम जनता से जुड़कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है। उसके कार्य एवं आचरण से विभाग की छवि बनती है। जो आप सभी ने अनुशासित रहकर निर्धारित समय में इस प्रशिक्षण विद्यालय के द्वारा प्राप्त किया है। उन्होने कहा कि आप सभी अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन नवीन कानूनों के अनुरूप पूर्णतः निष्पक्षता के साथ लगन व मेहनत से करें। उनके द्वारा सभी नौजवानों को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। समापन के दौरान एसपी पीटीएस ने आईजी श्री झा को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके साथ ही एसएसपी राजेश अग्रवाल, कमाण्डेंट 18वीं वाहिनी उसबल मनेन्द्रगढ संजय शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक पीटीएस माना रायपुर राजकुमार मिंज को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



शपथ लेते नवआरक्षक।

**इन जिलों के आरक्षक हुए शामिल**

दीक्षांत परेड समारोह में राज्य के विभिन्न जिलों से आए नव आरक्षकों ने शपथ लिया। इनमें जिला महासमुद से 3, रायपुर 20, राजनांदगांव 7, रायगढ़ 4, दुर्ग 6, जशपुर 4 कोरबा 3 बालोद 2, एमसीबी 2, बिलासपुर 5, बलरामपुर 4, सरगुजा 2, बेमेतरा 1, धमतरी 7, सूरजपुर 1, गरियाबंद 2, कबीरधाम 3, बलौदाबाजार 1, सक्ती 1, कोरिया 1, मुंगेली 1, मोहला-मानपुर 2, ईओडब्लू रायपुर 1 कुल 83 नवआरक्षकों के द्वारा भाग लिया गया। बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले नौजवानों को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। दीक्षांत परेड समारोह का नेतृत्व परेड कमाण्डर दिलीप खलखो एवं सहायक परेड कमाण्डर रोहन चन्द्राकर के द्वारा किया गया।

# गंगा दशहरा जल संरक्षण का उत्सव बालिकाओं ने रचाया गुड्डा-गुड़िया का ब्याह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर सहित पूरे संभाग भर में गंगा दशहरा का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। गांवों में मंगलवार को भी उदयातिथि में गंगा दशहरा का उत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा।

- जल स्रोतों की गई पूजा-अर्चना

सरगुजा के ग्रामीण क्षेत्रों में गंगा दशहरा का काफी महत्व है। क्षेत्रवासी गंगा दशहरा पर जलश्रोतों की पूजा करते हैं। ग्रामीण अपने गांव के तालाब में गंगा को उतारने के लिए कम लगाते हैं तथा कमलयुक्त तालाब को गंगा मानकर पूजा करते हैं। गांवों में इसी दिन शादी-विवाह के मौर, कंगन, कलश, बच्चे के जन्म के समय की नाल एवं छठी के बाल को भी विसर्जित करने की परंपरा है। परिवार के सदस्य बैगा द्वारा परंपरानुसार पूजा करने के बाद इन सामग्रियों को तालाब में विसर्जित करते हैं। गंगा दशहरा को जनजाति समाज के लोग न केवल एक पर्व बल्कि जल संरक्षण, लोक संस्कृति, मनोरंजन एवं मानवीय संवेदनाओं के अद्भुत उत्सव के रूप में मनाते है। गांवों में गंगा दशहरा के अवसर पर गुड्डा-गुड्डी का ब्याह रचाने की परंपरा है। अनोखे ब्याह का यह उत्सव तीन दिनों तक चलता है। इसके लिए किशोरियां लकड़ी के गुड्डा-गुड्डी को दुल्हा-दुल्हन की तरह सजाती है तथा बुजुर्गों की देखरेख में मंडप, विवाह एवं विदाई की रस्में निभाती हैं। साहित्यकार अजय कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सरगुजा में आदिवासी समाज गंगा दशहरा के माध्यम से प्रकृति के प्रति कृतज्ञता अर्पित करते हैं। गंगा दशहरा हरियाली का संदेश देता है। यह पानी को पूजने, परंपराओं को सहेजने एवं आपसी भाईचारे को बढ़ाने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है।



**गंगा दशहरा आज, रिंहद नदी तट पर होगा भव्य गंगा आरती**

**बिश्रामपुर।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति द्वारा मां गंगा की महाआरती एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन 27 मई, बुधवार को किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के बीच उत्साह का माहौल है। समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार 26 मई मंगलवार की सुबह 5 बजे नदी तट पर हवन अनुष्ठान एवं मां गंगा का पूजन किया जाएगा। इसके बाद शाम 6 बजे मां गंगा की भव्य आरती संपन्न होगी। श्रद्धालुओं के लिए आरती उपरांत खिचड़ी प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। वहीं 27 मई, बुधवार को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के सामने वाराणसी से आए विद्वान पंडितों द्वारा मां गंगा की महाआरती की जाएगी।

### सप्त सुरम ट्रस्ट के तिनक धिन धा कैरियोके सिंगिंग कॉन्टेस्ट, फिनाले में 20 प्रतिभागियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

# सिंगिंग कॉन्टेस्ट में शहर की नव्या रंजन ने हासिल किया विजेता का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सप्त सुरम ट्रस्ट द्वारा आयोजित तिनक धिन धा कैरियोके सिंगिंग कॉन्टेस्ट का भव्य फाइनल रविवार को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। शाम 5.30 बजे से रात 10.30 बजे तक चले इस संगीतमय आयोजन में प्रतिभागियों ने अपने मधुर सुरों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता में नव्या रंजन ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं द्वितीय स्थान पर आरती दीप को निर्णायक मंडल द्वारा तथा अश्मि वर्मा को आयोजक मंडल द्वारा सम्मानित किया गया। तीसरे स्थान पर मुकुल विश्वास और निधीश्री संयुक्त रूप से रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, छत्तीसगढ़ फिल्म निर्माता-निर्देशक गजेंद्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ पार्षद विजय सोनी, पार्षद श्वेता गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के लिए पूर्व में होटल अलंकार ग्रीन में ऑडिशन आयोजित किया गया था, जिसमें 85 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें से चयनित शीर्ष 20 प्रतिभागियों ने फाइनल में अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के फाइनलिस्ट में अमित दास, नव्या रंजन, आरती दीप, जगदंबा विश्वकर्मा, मेघा रावत, सुप्रिया वर्मा, अश्मि वर्मा, निधीश्री, मुकुल विश्वास, प्रेमानंद पातर, संजीव वर्मा, बृजेश शर्मा, साजन पाठक, प्रियांशु मिश्रा, रजनी शाह, रूपेश कुमार गुप्ता, शिवम सिन्हा, डॉ. आशीष, संगीता तिवारी एवं आशीष लखेड़ा शामिल रहे। निर्णायक मंडल में वंदना दत्ता, आलोक भट्टाचार्य एवं राजेश जायसवाल ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम में समभाव महिला मंच, सेवा किटी समूह सहित सहयोगी लक्ष्मी जयसवाल, मुकेश अग्रवाल, नरेंद्र सिंह टुटेजा, अधिवक्ता संजय अम्बष्ट, पार्षद आलोक दुबे, पार्षद मनोज गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, पार्षद शैलेंद्र सिंह, दिलीप धर, रंजय स्वर्णकार, संतोष दास, जयेश वर्मा, शबनम खानम, सहित शहर के अनेक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों का सहयोग रहा। विजेताओं को नकद पुरस्कार, मोमेंटो और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए वहीं सभी प्रतिभागियों को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति में तरुण कुमार, शिवनारायण सोनी, शशि पूनम, तनुश्री सोनी, सीमा सुदन, धीरेंद्र प्रसाद, मंजूषा जोशी, पूनम सिंह एवं शैलेंद्र स्वर्णकार सहित कई सदस्य सक्रिय रूप से जुड़े रहे।




# गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा आरती लिया जल संरक्षण का संकल्प



**अम्बिकापुर।** गंगा दशहरा पर सोमवार को मेरिन ड्राइव तालाब घाट पर आर्ट ऑफ लिविंग के साधकों ने प्रातः काल आरती की साथ ही जल संरक्षण, जल श्रोतों के संवर्धन, रखरखाव तथा जल का सही उपयोग करने-कराने का संकल्प लिया। आयोजन में आर्ट ऑफ लिविंग के युवाचार्य और शिक्षक शमिल हुए। आर्ट ऑफ लिविंग के कर्मयोग राज्य समन्वयक अजय कुमार तिवारी ने बताया कि संस्था द्वारा हर साल गंगा दशहरा के अवसर पर मेरीन ड्राइव तालाब घाट पर गंगा आरती की जाती है।

## खबर संक्षेप

### निजी नर्सिंगहोमों में मरीजों को उपचार संबंधी बिल एवं पैकेज की नहीं दी जाती जानकारी : मुकेश



**अम्बिकापुर।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुकेश गोस्वामी ने आयुष्मान योजना के अंतर्गत निजी नर्सिंग होमों द्वारा मरीजों को उपचार संबंधी बिल एवं पैकेज जानकारी नहीं दिए जाने पर चिंता व्यक्त की है। मुकेश गोस्वामी ने बताया कि आयुष्मान योजना गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के निशुल्क इलाज के लिए बनाई गई है, लेकिन कई निजी नर्सिंग होम मरीजों को उनके नाम पर लगाए गए पैकेज, इलाज का विवरण एवं बिल की जानकारी नहीं देते हैं। इससे अनियमितताओं की आशंका बढ़ रही है। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. मार्को से मुलाकात कर सभी निजी नर्सिंग होमों में यह व्यवस्था अनिवार्य रूप से लागू करने तथा आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड के माध्यम से होने वाले प्रत्येक इलाज का पूरा बिल, पैकेज विवरण एवं उपचार संबंधी जानकारी मरीज के परिजन को दिए जाने की मांग की है।

### संदीप और सुरेश बनाए गए भाजपा जिला सह संयोजक

**राजपुर।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ बलरामपुर द्वारा जिला पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की गई है। यह




घोषणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में की गई। वहीं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सुभाष अग्रवाल के निर्देश तथा भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल की अनुशंसा पर नई नियुक्तियां घोषित की गईं। भाजपा जिला व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन को मजबूत करने तथा व्यापारियों को पार्टी से जोड़ने के उद्देश्य से नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। घोषित सूची के अनुसार राजपुर विकासखंड के ग्राम बुढ़ाबगीचा महुआपारा निवासी संदीप कुमार सोनी और राजपुर निवासी सुरेश गर्ग को भी जिला सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा राजपुर से रामप्रकाश सोनी उर्फ रानू एवं सुनील सोनी को जिला कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। नई नियुक्तियों के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं व्यापारियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

### महिलाओं को दिया गया अचार-मुरब्बा बनाने का प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा बलरामपुर जिलान्तर्गत ग्राम सनावल स्थित विज्ञान भवन में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ.नीलम चौकसे, डॉ.रंजीत कुमार, डॉ.शशि किरण मिंज एवं शिवानी मिश्रा ने किसानों को खाद्य प्रसंस्करण की बारीकियों से अवगत कराया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कहा कि खाद्य प्रसंसकरण से कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन कर न केवल फसल की बर्बादी रोकी जा सकती हे, बल्कि बेहतर कीमत प्राप्त कर आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ किया जा सकता है। इस दौरान महिलाओं को अचार और मुरब्बा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न उत्पादों के प्रसंस्करण के साथ मिश्रित सब्जी का अचार और मुरब्बा बनाने की तकनीक सिखाया गया।

## सड़क बनी लेकिन नहीं हुआ नाली निर्माण

# लोक निर्माण विभाग की नजरअंदाजी का दंश झेल रहे ग्राम सलका अधिना के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

ग्राम पंचायत सलका अधिना सहित आसपास के अन्य ग्राम पंचायत के लोग बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से परेशान है। ऐसा नहीं है कि सड़क निर्माण के दौरान पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं कराया गया है लेकिन नाली की सफाई नहीं होने से नाली पूर्ण रूप से मिट्टी से पट गया है। ऐसे में बारिश होते ही सड़क न सिर्फ तालाब में तब्दील हो जाती है बल्कि जलभराव के कारण सड़क का गंदा पानी घरों में घुसने से लोग परेशान है। पानी निकासी और नाली की सफाई किए जाने को लेकर क्षेत्र के लोगों ने कई बार शिकायत की लेकिन आज तक नाली की सफाई नहीं हो सकी जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

**खास बातें**
- आक्रोशित ग्रामीणों ने दी चक्का जाम व आंदोलन करने की चेतावनी
- साफ सफाई के अभाव में नाली में भरा मिट्टी, बारिश होते ही तालाब में तब्दील होता है सड़क

एलडब्ल्यू ई मद से लोक निर्माण विभाग द्वारा कुछ साल पहले कल्याणपुर लटोरी से सलका करोटी तक सड़क निर्माण के साथ सलका मुख्य मार्ग के अगल-बगल में नाली निर्माण कराया था जिससे बारिश के पानी निकासी हो सके। निर्माण के बाद मूसलाधार बारिश में भी नाली के माध्यम से पानी निकासी हो जाती थी। लेकिन नियमित साफ-सफाई के अभाव में नाली में मिट्टी भर जाने से पानी निकासी की समस्या उत्पन्न हो गई है। ऐसे में बारिश होने के बाद सड़क पर जलभराव होने से सड़क तालाब में तब्दील हो जाता है और जमा गंदा पानी घरों व दुकान में घुसने से लोगों का सामान खराब हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क किनारे पानी निकासी के लिए नाली तो बनाया गया है। लेकिन घटिया व मानक अनुरूप नाली निर्माण नहीं होने से कुछ माह के भीतर ही नाली में मिट्टी भर जाने से पूर्ण रूप से पट गया है। ऐसे में बारिश होने पर पानी निकासी नहीं होने से अब पानी सड़क पर जमा होने के बाद सीधे लोगों के घरों में घुस रहा है। बारिश होने पर आए दिन जलभराव की स्थिति निर्मित होने से क्षेत्र के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नाली की सफाई नहीं होने तथा बारिश के दौरान हो रही परेशानी को लेकर लोगों में आक्रोश है।



सड़क पर बह रहा गंदा पानी।

### समाधान शिविर में किए थे शिकायत

जिला पंचायत सदस्य अनुज राजवाड़े ने बताया कि पिछले वर्ष सुशासन तिहार शिविर के दौरान मौके पर जाकर वास्तविकता से अवगत हुआ हूं। पीडब्ल्यूडी विभाग अधिकारी मौके पर आश्वासन दिए थे लेकिन आज तक समस्या दूर नहीं हो सकी जो समझ से परे है। इधर ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बारिश के बाद जलभराव होने तथा घर व दुकानों में गंदा पानी घुसने से लोग काफी परेशान है। दुकान संचालक सहित क्षेत्र के लोगों ने पिछले वर्ष सुशासन तिहार के दौरान शिकायत की थी और नाली निर्माण तथा पानी निकासी मुख्य मुद्दा था। सुशासन तिहार से एक दिन पहले पीडब्ल्यूडी विभाग सड़क के गड्ढे में रॉ मटेरियल डालकर अपना पल्ला झाड़ लिया था। सुशासन तिहार के दिन पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों ने भी वस्तु स्थिति का जायजा लिया था। पानी निकासी की समस्या दूर करने आश्वासन दिया लेकिन आज तक समस्या के संबंध में कोई पहल नहीं की गई।

### नहीं हुई नाली की सफाई

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के साथ दोनों तरफ नाली निर्माण कराया गया था लेकिन आज तक नाली की सफाई नहीं हुई। ऐसे में नाली में घास उग आने तथा कचरा व मिट्टी से नाली जाम हो गई जो अब पूरी तरह से पट गई है। नाली के जाम हो जाने से बारिश का पानी सड़क पर ही एकत्र हो जाती है जिससे लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। मुख्य मार्ग के रहवासी बृजेंद्र भारती का कहना है कि नाली की सख्त आवश्यकता है। बरसात से पहले नाली निर्माण हो जाए तो अच्छा है। नहीं तो काफी नुकसान होने का डर है। विकास गुप्ता का कहना है कि मुख्य सड़क और हमारा दरवाजा लगभग बराबर हो गया है नाली बनेगा तब ही उद्धार होगा नहीं तो पूरा पानी घर दुकान में घुस जाएगा।

### बीमारी का खतरा

नाली के जाम होने तथा बारिश के पानी के साथ गंदा पानी कई जगह नाली में जमा होने से मच्छरों की संख्या में काफी वृद्धि हो जाती है। ऐस में गंभीर बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। बरसात के इस मौसम में बारिश होने पर सड़क के गड्ढों में पानी भर जाते है जिससे सड़क की वस्तु स्थित समझ में नहीं आने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

### विभाग के अधिकारियों से करेंगे चर्चा

पिछले वर्ष मौके पर निरीक्षण कर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 20 से 25 दिनों नाली निर्माण का आश्वासन दिया था कि नया नाली बनवाकर पानी निकासी करवा देंगे। जो खुली नाली है उस पर ढक्कन लगाएंगे। लेकिन आज तक नानी निर्माण नहीं हुआ है तो इस संबंध में विभाग के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

-शिवनारायण राठिया
तहसीलदार भटगांव



ग्रामीणों की समस्या सुनते विधायक।

## ग्रामीणों के बीच पहुंचकर विधायक ने सुनी समस्याएं, दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

विधायक राम कुमार टोप्पो ने ग्राम मंगरी में ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्या गिनाते हुए बताया कि खेती किसानी के दौरान खाद की समस्या की वजह से किसानों को बड़ी दिक्कत होती है। खाद के लिए पर्ची कटवाने लोगों को दस किमी दूर सेदम जाना पड़ता है। कई बार तो साधन संसाधन के अभाव में गरीब किसान पर्ची कटवाने जा नही पाते है।

इसके अलावा समिति में खाद का पर्याप्त भंडारण के अभाव में दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदना पड़ता है। बड़े किसान तो खरीद लेते है पर छोटे किसानों के लिए महंगे दामों पर खाद खरीद पाना असंभव होता है। लोगों की समस्या सुनने के बाद विधायक ने आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी जो भी समस्या है उसे दूर किया जायेगा। उन्होंने मौके से जिले के अधिकारी को फोन लगाकर खाद को लेकर मंगारी के किसानों की समस्या से अवगत कराया। इसके बाद विधायक ने जिले के अधिकारी को निर्देश देते हुए ग्राम मंगारी में खाद की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि उनकी जो भी समस्या है उसके लिए वो सीधे मुझसे फोन पर सम्पर्क कर सकते है। उनकी सारी समस्या सुनी जायेगी और उसका निदान किया जायेगा।इस दौरान काफी संख्या में भाजपा नेता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को तीन वर्ष की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

धोखाधड़ी के मामले में न्यायालय ने सुनवाई करते हुए आरोपी को तीन वर्ष की कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी ने आबकारी विभाग में भृत्य की नौकरी लगाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति आदेश दिया था।

- आबकारी विभाग में भृत्य की नौकरी लगाने के नाम पर दी थी फर्जी नियुक्ति आदेश

जानकारी के अनुसार अशोक दास द्वारा थाना प्रेमनगर में 10 जुलाई 2018 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि हेमंत महंत द्वारा आबकारी विभाग में भृत्य की नौकरी लगाने के नाम पर 1 लाख रूपये लिया तथा फर्जी नियुक्ति आदेश तैयार कर उसे दिया गया। पीड़ित ने जब संबंधित विभाग में पता करने पहुंचा तो उक्त नियुक्ति आदेश फर्जी होना पाया गया। पीड़ित की रिपोर्ट आरोपी के विरूद्ध धारा 420, 467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपी हेमंत महंत आ. सुन्दर दास सोनवानी ग्राम चंदननगर थाना प्रेमनगर को गिरफ्तार किया गया। मामले के विवेचक निरीक्षक बसंत लाल सिंह द्वारा प्रकरण में पुख्ता साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय में पेश किया। अभियोजन की ओर से पैरवी एडीपीओ राजेश सिंह व पंकज कुमार बागड़े द्वारा की गई। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश श्रीमती रूचि मिश्रा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी कर निर्णय 13 मई को समग्र तथ्यों, साक्ष्यों के आधार पर धोखाधड़ी के आरोप पर दोष सिद्ध होने से आरोपी हेमंत महंत को धारा 420 आईपीसी के तहत 3 वर्ष का कारावास एवं 5 सौ रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## उड़ती धूल, निर्माण में लापरवाही से आक्रोशित ग्रामीणों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

एनएच 343 मुख्य मार्ग के निर्माण कार्य में लापरवाही, उड़ती धूल और प्रदूषण से लोगों में भारी नाराजगी है। अव्यवस्था से परेशान बरियों, ककना,एवं बघिमा के ग्रामीणों एवं व्यापारियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए 27 मई को सांकेतिक चक्का जाम करने की चेतावनी दी है।

- बरियों के ग्रामीणों और व्यवसायियों ने सौंपा ज्ञापन

इस संबंध में ग्रामीणों एवं व्यापारियों ने एसडीएम के नाम बरियों नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि एनएच 343 अंतर्गत बरियों, ककना एवं बघिमा क्षेत्र में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य लंबे समय से चल रहा है लेकिन निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है। वहीं निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव नहीं किए जाने से क्षेत्र में भारी धूल उड़ रही है, जिससे आम नागरिकों, दुकानदारों, स्कूली बच्चों एवं राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधूरी सड़क और धूल प्रदूषण के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। व्यापारियों ने बताया कि सड़क किनारे स्थित दुकानों में ग्राहकों की संख्या कम हो गई है तथा व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। कई बार शिकायत और मांग किए जाने के बावजूद संबंधित ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी द्वारा समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी को लेकर ग्रामीणों एवं व्यापारियों ने 27 मई को बरियों बस स्टैंड में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक सांकेतिक चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। आवेदन में प्रशासन से मांग की गई है कि सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, नियमित पानी का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए तथा निर्माण एजेंसी और ठेकेदार की लापरवाही पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया गया तो आगामी दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन एवं निर्माण एजेंसी की होगी। इस दौरान मुकेश गुप्ता, जितेंद्र जायसवाल, रविशंकर टेकाम, विष्णु अग्रवाल, बृजेश मिश्रा, अजय यादव, राजू सहित ग्राम पंचायत बरियों, बघिमा, ककना के ग्रामीणों एवं व्यवसायी मौजूद थे।



ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी।

### आंबा के सामने से चोरों ने पार किया बाइक

**रामानुजनगर।** रामानुजनगर ग्राम पतरापाली खालपारा निवासी राम सिंह आ. सोहन सिंह (26 वर्ष) 19 मई को बाइक क्रमांक सीजी 12 बीए 2656 से खरीदारी करने साप्ताहिक बाजार गया था। युवक अपनी बाइक को बाजारापार स्थित आंगनबाड़ी के सामने खड़ा कर खरीदारी करने चला गया। कुछ समय बाद युवक खरीदारी करने के पश्चात घर जाने के लिए बाइक लेने पहुंचा तो देखा आंगनबाड़ी के सामने खड़ी बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।


### नाम परिवर्तन सूचना

मै फुलकुंवर पॅट पति रामविचार उम्र 33 वर्ष जाति खैरवार निवासी ग्राम पण्डरी थाना + तह. रघुनाथनगर जिला बलरामपुर रा.गं. (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। मेरी पुत्री सोहनी SOHANI का नाम जन्म तिथि 17/06/2016 आधार क्रमांक 4002 5307 8466 में नाम व जन्म तिथि तकनीकी त्रुटीवश गलत दर्ज किया गया है। उपरोक्त सोहनी पटवर्धन SOHANI PATVARDHAN आधार कार्ड में त्रुटी है अन्य दस्तावेजो में सही है। मै शपथकर्ता मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र तथा शैक्षणिक अंकसूची प्रमाण पत्र के अनुसार सुहानी (SUHANI) प्रमाण पत्र के अनुसार उपर वर्णित जन्म तिथि व नाम त्रुटी व आधार कार्ड में सुधार किया जाये। मेरी पुत्री का नाम निम्न (सोहनी पटवरधन SOHANI PATVARDHAN) त्रुटी व गलत है सही नाम जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र में अंकित सुहानी (SUHANI) जन्म तिथि 17/06/2016 पिता रामविचार पटवरधन (RAMVICHAR PATWARDHAN) उक्त आधार कार्ड दस्तावेज में अंकित कर सुधार किया जाये। मै शपथकर्ता मेरी पुत्री नाम सोहनी पटवरधन (SOHANI PATVARDHAN) के स्थान पर सही नाम सुहानी (SUHANI) जन्म तिथि 17/06/2016 आधार के समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
फुलकुंवर पॅट
पति रामविचार
निवासी- ग्राम पण्डरी थाना + तह.
रघुनाथनगर जिला बलरामपुर रा.गं.
(छ.ग.)



छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक
CHHATTISGARH GRAMIN BANK
Scheduled Bank Owned by Government

### विज्ञापन

छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक अपने अधीनस्थ कार्यालय – अंबिकापुर अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालय - अंबिकापुर के अंतर्गत जिला – सरगुजा एवं बलरामपुर-रामानुजगंज में बैंक के विभिन्न ऋण प्रकरणों में लिए जाने वाले अचल संपत्तियों के मूल्यांकन कार्य हेतु अनुभवी एवं पात्र मूल्यांककों तथा बैंक संबंधी विधिक कार्य हेतु अनुभवी एवं पात्र अधिवक्ताओं से आवेदन आमंत्रित करता है। इच्छुक मूल्यांकक एवं अधिवक्ता बैंक द्वारा निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 10 दिवस के भीतर अर्थात दिनांक 05.06.2026 तक संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय – अंबिकापुर में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन हेतु पात्रता, शर्तें एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय अथवा निकटतम शाखा से संपर्क किया जा सकता है। दिनांक : 25.05.2026

क्षेत्रीय कार्यालय - अंबिकापुर


## बेटियों की सुरक्षा हेतु समाज को जागरूक होने की आवश्यकता : शिल्पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


शहर में हाल ही में दुखद एवं शर्मनाक घटना सामने आई जिसमें एक पिता द्वारा सगी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। इस घटना ने पूरे समाज को स्तब्ध एवं आहत कर दिया है। अमानवीय कृत्य की सभी सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा कड़ी निंदा की जा रही है।




इसी क्रम में समाज सेविका श्रीमती शिल्पा पाण्डेय ने पीड़िता के घर पहुंचकर पीड़िता एवं उसके माता से मुलाकात की तथा उनकी काउंसलिंग कर उन्हें मानसिक संबल प्रदान किया। उन्होंने परिवार को इस कठिन परिस्थिति में साहस बनाए रखने एवं न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती शिल्पा पाण्डेय ने कहा कि बेटियां हमारे समाज की गरिमा और भविष्य हैं। उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं केवल एक परिवार को नहीं, बल्कि पूरे समाज की संवेदनाओं को आहत करती हैं। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें, उन्हें सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण प्रदान करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत उचित कदम उठाएं। साथ ही उन्होंने समाज से आग्रह किया कि पीड़ित परिवार का सहयोग करें, पीड़िता का मनोबल बढ़ाएं तथा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

























## खबर संक्षेप



### रीवा की घटना के विरोध में जैन समाज ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** रीवा में हुई घटना के बाद विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा व्यवस्था, घटना की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सरगुजा में भी जैन समाज ने आन्दोलन किया। इस दौरान समाज के लोगों ने रैली निकालकर पीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान समाज के अध्यक्ष विक्रांत जैन व सचिव राहुल जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश के रीवा में विहाररत आर्यिका माताजी के साथ हुई घटना केवल एक सड़क दुर्घटना भर नहीं मानी जा सकती। उपलब्ध तथ्यों एवं वीडियो क्लिपों के आधार पर समाज में गहरी आशंका एवं चिंता का वातावरण निर्मित हुआ है। इसलिए इस मामले की निष्पक्ष जांच हो। जैन साधु-संत पूर्णतः निहत्थे, अहिंसक एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा या सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा समाज में शांति, संयम और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। उन्होंने रीवा की घटना की उच्च स्तरीय जांच, जांच हेतु एसआईटी का गठन, घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित करने, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने की मांग की गई है। उन्होंने विहार मार्गों पर प्रशासनिक समन्वय, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहयोग, ट्रैफिक नियंत्रण, सहित अन्य मांगे की है।

### ईद उल अजहा बकरीद की नमाज 28 को

**अंबिकापुर।** मुस्लिम समाज का महत्वपूर्ण त्यौहार ईद उल अजहा ( बकरीद) 28 मई को मनाया जाएगा। इस दौरान ईदगाह के साथ ही मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जाएगी और कुर्बानी की रस्म अदा होगी। अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने बताया कि मुसलामानों का महत्वपूर्ण त्यौहार ईद उल अजहा (बकरीद) 28 मई को अकीदत के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज सुबह 9 बजे पढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही सुबह 9.30 बजे जामा मस्जिद, 8.30 बजे तकिया मजार एवं एवं 9 बजे जेल में नमाज अता की जायेगी। त्यौहार को लेकर अंजुमन कमेटी द्वारा ईदगाह, जामा मस्जिद टेंट, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्था कराई जा रही है। उन्होंने कलेक्टर को इस संबंध में ज्ञापन सौंप त्यौहार के दौरान पुलिस सुरक्षा, ट्रैफिक के साथ ही अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं की मांग की है।

### जिपं में संचार एवं सकर्म समिति की बैठक 28 को

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि संचार एवं सकर्म समिति के सभापति की उपस्थिति में 28 मई को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में समिति की बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने उक्त बैठक में सर्वसंबंधितों को निर्धारित समय में उपस्थित होने कहा है।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**बलरामपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के समक्ष रखा। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने आमजनों से प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुन जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को शीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। आयोजित जनदर्शन में बोर खनन कराने, आधार कार्ड सुधार, सहित विभिन्न विषयों के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये गये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के साथ निराकरण करने को कहा।

## रात में ही नहीं मिल रही राहत

# झुलसा रहे गर्म हवा के थपेड़े, नौतपा के पहले दिन पारा पहुंचा 42.8 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नौतपा के पहले दिन भीषण गर्मी पड़ी तथा सोमवार को पहली बार दिन का तापमान 42.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हालांकि छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों की तुलना में सरगुजा में अभी भी काफी राहत है। हालांकि सरगुजा के लिए 43 डिग्री के तापमान को ही अधिक माना जा रहा है तथा गर्मी से लोग बेहाल है। मई के पूर्वार्द्ध में देश के अलग-अलग हिस्सों में पछुआ विक्षोभ, प्रति चक्रवात, चक्रवाती परिसंचरण सहित अन्य मौसमी घटकों के प्रभावी होने के कारण गर्मी से पूरी तरह राहत रही। इस दौरान लगातार 17 दिनों तक मौसम अनुकूल बना रहा। शहर सहित आसपास के कुछ क्षेत्रों में मध्यम स्तर की बारिश होने के कारण कई बार तापमान सामान्य से नीचे पहुंचा।

**खास बात**

- तीन दिन बाद विक्षोभ के प्रभाव से आंशिक राहत की उम्मीद

मई के उत्तरार्द्ध में तापमान में क्रमशः वृद्धि होने का क्रम प्रारंभ हुआ तथा पहली बार 18 मई को दिन का तापमान 40.2 डिग्री पहुंचा तो अचानक मौसम में बदलाव आने से गर्मी महसूस हुई। इस दौरान पहली बार 20 मई को सर्वाधिक तापमान 42.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। पिछले तीन-चार दिनों से हवा के साथ राजस्थान की गर्मी पहुंच रही है तथा दिन में गर्म हवा के थपेड़े चलने के कारण लोग बेहाल है। सुबह होते ही धूप की गर्मी इतनी अधिक बढ़ जा रही है कि बाहर निकलना मुश्किल हो जा रहा है। गर्म हवाओं के कारण 11 बजते ही सड़के सूनी हो जा रही हैं तथा आवश्यक होने पर ही लोग घरों के बाहर निकल रहे हैं। नौतपा के प्रथम दिवस सोमवार को दिन में भीषण गर्मी पड़ी तथा पहली बार अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञानी नौतपा के शेष दिनों में भी भीषण गर्मी पड़ने के साथ ही दिन एवं रात के तापमान में क्रमशः वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।



### विक्षोभ के प्रभाव से आंशिक राहत

मौसम विज्ञानी 17-18 मई के मध्य उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने एवं गर्मी से आंशिक राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। हालांकि अभी भी देश के विभिन्न हिस्सों में द्रोणिका एवं चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी हैं तथा सुदूर पूर्वी भारत को छोड़कर अन्य हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। नौतपा के शेष दिनों में भी राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है ऐसे में पछुआ विक्षोभ के बेहद ताकतवर होने एवं मध्यभारत तक विक्षोभ का असर पहुंचने पर ही उत्तर एवं मध्यभारत में कहीं-कहीं बौछारें पड़ने की संभावना है। विक्षोभ कमजोर हुआ तो राहत के नाम पर आसमान पर सिर्फ बादलों की आवाजाही दिखेगी तथा तापमान में आंशिक गिरावट हो सकती है। बारिश होने की स्थिति में भी लम्बी राहत मिलने की संभावना नहीं है। राजस्थान की भीषण गर्मी आगे भी अपना प्रभाव दिखा सकती है।

### दो साल पूर्व पारा पहुंचा था 44 डिग्री

पिछले वर्षों की तुलना में इस बार गर्मी से काफी राहत है। दो साल पूर्व मई के उत्तरार्द्ध में नौतपा के दौरान अधिकतम तापमान 44 डिग्री पहुंच गया था। गर्मी इसी तरह पड़ती रही तो आने वाले दिनों में पारा में तेज वृद्धि होने तथा तापमान में 44 डिग्री पर पहुंचने से इनकार नहीं किया जा सकता। मौसम विज्ञानी भीषण गर्मी को मानसून की समय पर दस्तक के लिए जरूरी मान रहे है। गर्मी बढ़ने के कारण रात में भी राहत नहीं मिल रही है। बीच-बीच में बिजली गुल होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा लोग जागकर रात गुजार रहे हैं। मध्यरात्रि के बाद गर्मी से कुछ राहत मिल रही है।



## सेहत के नाम पर फल एवं सब्जियों में परोस रहे जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अच्छी सेहत के लिए चिकित्सक भोजन में पर्याप्त मात्रा में सब्जियों का उपयोग करने की सलाह देते हैं लेकिन अधिक एवं त्वरित उत्पादन के लिए किए जा रहे बेहिसाब रसायनिक उर्वरकों, कीटनाशक दवाओं एवं हानिकारक हार्मोंस के उपयोग से लोग खतरनाक रोगों के शिकार हो रहे हैं। अब तो सब्जियों का स्वरूप निखारने के लिए रासायनिक रंगों का भी उपयोग किया जा रहा है।

- लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत असर, नहीं होती जांच

सब्जियों के उत्पादन में सरगुजा के किसान नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। दो दशक पूर्व तक आलू, प्याज सहित अन्य हरी सब्जियों के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर सरगुजा में अब सब्जियों का विपुल उत्पादन हो रहा है। सरगुजा का पठारी इलाका हो अथवा मैदानी क्षेत्र हर क्षेत्र के किसान बड़े पैमाने पर सब्जियों की खेती कर रहे हैं। पठारी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर खरीफ आलू एवं टमाटर की खेती हो रही है वहीं मैदानी क्षेत्र के किसान साल भर विविध सब्जियों का उत्पादन कर रहे हैं। स्थानीय जरूरतों को पूरी करने के साथ ही बड़े पैमाने पर सब्जियां यूपी, बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा सहित अन्य राज्यों में भेजी जा रही है। सब्जी उत्पादन से किसानों की आय में बेतहाशा वृद्धि हुई है जिसे आर्थिक विकास की दृष्टि से अच्छा माना जा रहा है। दूसरी ओर बेमौसम उत्पादन के लिए फसल में बेहिसाब रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उपयोग किया जा रहा है जिससे सब्जियों का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है तथा लोग खतरनाक रोगों के शिकार बन रहे हैं। कहीं नाली के पानी से सब्जियों की सिंचाई की जा रही है तो कहीं गंदे पानी से सब्जियों की धुलाई-सफाई हो रही है। कीटनाशकों के बेहिसाब उपयोग से सब्जियों का स्वाद खत्म हो गया है तथा कम समय में ही हरी सब्जियां सड़ जा रही है। रातोंरात लोकी का आकार बढ़ाने के लिए किसान हार्मोंस के इंजेक्शन का उपयोग कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि रासायनिक उर्वरकों एवं बेहिसाब कीटनाशकों का उपयोग होने के कारण सब्जियां जहरीली हो जा रही हैं इसका उपयोग करने वाले लोग भी कैंसर, ह्रदयरोग सहित अन्य घातक बीमारियों के शिकार बन रहे हैं। यही हाल फलों का है। फलों को पकाने के लिए खुलेआम कार्बाइड एवं घातक रसायनों का उपयोग किया जा रहा है। फल-सब्जियों में खतरनाक रसायनों के उपयोग की जांच की भी व्यवस्था नहीं है जिसके कारण उत्पादक एवं विक्रेता सेहत के नाम पर खतरनाक जहर परोस रहे हैं तथा कमाई के लिए लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस संबंध में औषधि प्रशासन विभाग के प्रभारी नितेश मिश्रा ने बताया कि व्यवसाइयों से सब्जियों के नमूने को लेकर जांच के लिए लैब भेजा जाएगा।

## जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ समाधान सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**सूरजपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के समक्ष अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व प्रकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, बिजली-पानी, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रमुख रूप से शामिल रहे। कलेक्टर ने एक-एक आवेदक से शांतिपूर्वक उनकी समस्या सुनी तथा उनकी कठिनाइयों को गंभीरता से समझते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की गंभीरता से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का परीक्षण कर निराकरण योग्य प्रकरणों का शीघ्रातिशीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम जनता की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी आवेदक को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, समयबद्ध एवं जवाबदेह व्यवस्था के तहत प्रत्येक पात्र हितग्राही को उनका हक एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य मिले, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों का प्रथम दायित्व है। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि जिन आवेदनों के निराकरण में अधिक समय लगने की संभावना है, उनकी समयसीमा निर्धारित कर निराकरण की वस्तुस्थिति से आवेदकों को निरंतर अवगत कराया जाए, ताकि उन्हें अपने प्रकरण की प्रगति की जानकारी समय पर मिलती रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निराकरण की मॉनिटरिंग पोर्टल पर नियमित रूप से अद्यतन की जाए तथा लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** जिले में राजस्व विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्टर रेना जमील की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी अनुविभागों एवं तहसीलों में लंबित राजस्व प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान जनगणना में संकलित जानकारी पर भी विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## बेटे ने मां के साथ मिलकर की बाइक सवार से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पुरानी रंजिश को लेकर युवक ने मां के साथ मिलकर साप्ताहिक बाजार से लौट रहे बाइक सवार का रास्ता रोक बेदम पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

- आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

जानकारी के अनुसार लुंड्रा हरिजन पारा निवासी अरविंद सोनी आ. स्व. रामलगन सोनी (46 वर्ष) ज्वेलर्स दुकान का संचालन करता है। 24 मई को स्कूटी से ग्राम डहौली साप्ताहिक बाजार गया था। बाजार से खरीदारी कर वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम बहेराडीह पहुंचा तभी रास्ते में सुदामा साहू एवं उसकी मां ने रास्ता रोक पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। साथ ही सुदामा व उसकी मां ने मारपीट करने लगे।

गांव के ही एक व्यक्ति ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी मां-बेटा के विरूद्ध धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## थाने के सामने धरने पर बैठे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनन्दनपुर में पहली बार हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के बीच राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किए जाने के बाद कांग्रेस ने भाजपा और पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस नेताओं ने इसे राजनीतिक द्वेष और चुनाव प्रभावित करने की साजिश बताते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

- उपाध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज करने का विरोध



सोमवार को प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज स्वयं बिश्रामपुर थाने पहुंच कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ थाने के मुख्य गेट के सामने धरने पर बैठ गए। भीषण गर्मी के बीच कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस नेता नरेंद्र जैन पर लगाया गया आर्म्स एक्ट का मामला बिना साक्ष्य के पूरी तरह झूठा और राजनीतिक दबाव में दर्ज किया गया है। मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी धरने में शामिल होंगे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नगर पंचायत शिवनन्दनपुर चुनाव में कांग्रेस की मजबूत स्थिति और भाजपा की संभावित हार से भाजपा बौखला गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन और प्रशासन के दम पर चुनाव जीतना चाहती है। दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस नेता नरेंद्र जैन चुनाव संचालन और प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे, इसलिए उन्हें चुनाव प्रचार से दूर करने की साजिश के तहत उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मामले को लेकर चुनाव आयोग तक जाएगी और प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से पूरी शिकायत दर्ज कराई जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यदि प्रशासन ने निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस का आंदोलन और तेज होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन सत्ता के दबाव में काम कर रहा है तथा भाजपा नेताओं के इशारे पर कार्रवाई की जा रही है। धरना प्रदर्शन में आदितेश्वर शरण सिंहदेव, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, पूर्व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े, पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, अंबिका सिंहदेव, विनय जायसवाल, गुलाब कमरो, शफी अहमद, भानुप्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष शशि सिंह, बालकृष्ण पाठक, वेदांती तिवारी, प्रदीप गुप्ता, सुभाष गोयल, भगवती राजवाड़े, नरेश राजवाड़े, रमेश दनौदिया, अखिलेश प्रताप सिंह, द्वितेंद्र, संजय डोशी, गिरिजाशंकर मिश्रा, बलराम शर्मा, सुनील अग्रवाल, ईस्माइल खान, पंकज तिवारी, नवीन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष चंदन सिंह, रामलाल सोनी, मेहंदी यादव, पवन अग्रवाल, चंदा सिंह, छन्दा श्री, बबिता गुप्ता, अंशुल गोयल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### तीन सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना

कांग्रेस ने तीन प्रमुख मांगें सामने रखी हैं। पहली मांग में नरेंद्र जैन पर दर्ज आर्म्स एक्ट की धारा हटाई जाए। दूसरी मांग नरेंद्र जैन की पत्नी की शिकायत पर भी अपराध दर्ज किया जाए। साथ ही झूठा अपराध दर्ज करने वाले बिश्रामपुर थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित किया जाए। धरना प्रदर्शन को लगातार जारी रखने की जिम्मेदारी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर पार्टी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेदू ने सात वरिष्ठ नेताओं को सौंपी है। इनमें बालकृष्ण पाठक, हरिहर प्रसाद यादव, प्रदीप गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव, नरेश राजवाड़े, अखिलेश प्रताप सिंह और नवीन जायसवाल के नाम शामिल हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से आमजन को मिलेगा बेहतर उपचार : अग्रवाल

**अम्बिकापुर।** सोमवार को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा में नवीन ऑपरेशन थियेटर का लोकार्पण एवं अतिरिक्त वार्ड निर्माण कार्य का संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य भवनों का निर्माण करना नहीं, बल्कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और समय पर उपचार सुविधा उपलब्ध कराना है।

- सीएचसी नवापारा में नवीन ऑपरेशन थियेटर का किया लोकार्पण, अतिरिक्त वार्ड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है और डीएमएफ फंड का उपयोग जनहित से जुड़े कार्यों में प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि नवापारा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त ऑपरेशन थियेटर और अतिरिक्त वार्ड की स्थापना से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। इससे जरूरतमंद मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार उपलब्ध होगा तथा गंभीर परिस्थितियों में बड़े अस्पतालों पर निर्भरता भी कम होगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाना शासन की प्रतिबद्धता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, ननि सभापति हरमिन्दर सिंह (टिन्नी), कलेक्टर अजीत बसंत, जिपं सीईओ विनय अग्रवाल, ननि आयुक्त डीएन कश्यप, सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को, सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी, डीपीएम डॉ. पुष्पेन्द्र राम, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सीमा तिग्गा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शीला नेताम, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सृष्टि पाण्डेय, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. आशा बसंल, ओ.टी. स्टॉफ नर्स नीतु एक्का एवं दीपशीला रंजन सहित स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

HOSPITAL Caring for You
Caring for you TEJ Tej Diagnostic Group (A unit of MRMH Pvt. Ltd.)
स्वस्थ जीवन की ओर पहला कदम
स्वास्थ्य जांच हमारी प्राथमिकता
नियमित हेल्थ चेकअप से रोगों की समय पर पहचान और उपचार संभव है।
हमारी प्रमुख जांच सुविधाएँ
ब्लड टेस्ट
शुगर जांच
थायरॉइड टेस्ट
ECG
एक्स-रे
सोनोग्राफी
सम्पूर्ण बॉडी चेकअप
हेल्थ चेकअप पैकेज
बेसिक हेल्थ पैकेज
डायबिटिज चेकअप पैकेज
हार्ट चेकअप पैकेज
थायरॉइड चेकअप पैकेज
सीनियर सिटीजन हेल्थ पैकेज
फुल बॉडी चेकअप पैकेज
सटीक जांच | अनुभवी डॉक्टर | आधुनिक मशीनें | समय पर रिपोर्ट | किफायती दरें
स्वास्थ्य है तो सब कुछ है
MRM HOSPITAL & TEJ DIAGNOSTIC CENTRE AMBIKAPUR
सम्पर्क करें 7000619700
बाबूपारा, opp. जोड़ा तालाब, होटल बीरेंद्र प्रभा के बगल में, अम्बिकापुर (छ.ग.)
आपका स्वास्थ्य, हमारी जिम्मेदारी

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411